जनसंख्या वृद्धि

APPOINTMENTS

भारत में एक प्रमुख सामाजिक समस्या जनसंख्या में लगातार वृद्धि होती है। जनसंख्या में अप्रत्याशित वृद्धि से तात्पर्य देश के संसाधनों की तुलना में जनसंख्या या व्यक्तियों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि से होती है जिससे देश की अर्थव्यवस्था में असंतुलन एवं अन्य समस्याएँ उत्पन्न हो जाती हैं। भारत की जनसंख्या आज (2020) विश्व जनसंख्या की 17.7% है, जबकि इसका क्षेत्रफल विश्व के कुल क्षेत्रफल का मात्र 2.4% है। चीन के बाद भारत जनसंख्या की दृष्टि से विश्व का दूसरा सबसे बड़ा देश है।

भारत में जनसंख्या वृद्धि दर 1.19% (2016) है, और जन्म दर 19.3 जन्म/1000 जनसंख्या तथा मृत्यु दर 7.3 निधन/1000 जनसंख्या है। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि भारत 2030 तक जनसंख्या की दृष्टि से चीन से भी आगे निकल जायेगा। इस अप्रत्याशित वृद्धि ने इन चिंताओं को जन्म दिया है कि इससे व्यापक बेरोजगारी, उपलब्ध संसाधनों में कमी एवं राजनीतिक अस्थिरता उत्पन्न हो जायेगी जो देश के लिए एक बहुत ही कठिन परिस्थिति उत्पन्न कर सकती है यदि इसको लेकर सामाजिक एवं राजनीतिक रूप से सजग न हुआ जाये।

जनसंख्या में वृद्धि के कारण (Causes of Population Growth)

जनसंख्या में अप्रत्याशित वृद्धि के अनेक कारणों की पहचान की जाती है, जिनमें निम्नांकित प्रमुख हैं।

→ जन्म दर तथा मृत्यु दर में अंतर — पिछले कई दशकों में भारत के जन्म दर तथा मृत्यु दर में कमी आयी है परंतु जन्म दर में मृत्यु दर की अपेक्षा कम गिरावट हुई है। इससे जन्म दर एवं मृत्यु दर में काफी अंतर बढ़ा है, तथा जनसंख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। जैसे - 2016 की जनगणना के अनुसार भारत में जन्म दर 19.3/1000 एवं मृत्यु दर 7.3/1000 व्यक्ति है। जिसमें काफी अंतर है, परिणामस्वरूप जनसंख्या में लगातार वृद्धि हो रही है।

NOTES

Scanned with CamScanner

→ कम आयु में शादी — भारत में जनसंख्या वृद्धि का एक प्रमुख कारण महिलाओं तथा पुरुषों द्वारा कम उम्र में शादी करना है। कम उम्र में शादी से जनन की प्रक्रिया जल्दी आरंभ हो जाती है, और प्रजनन दर में बढ़ोतरी हो जाती है। कम उम्र में शादी की प्रवृत्ति भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में तथा कम पढ़े-लिखे या निरक्षर परिवारों में शहरी क्षेत्रों एवं पढ़े-लिखे लोगों की तुलना में कहीं अधिक देखी जाती है। इसके पीछे का एक कारण लड़कियों के प्रति असुरक्षा की भावना भी है। वर्तमान में लोगों में जागरूकता बढ़ रही है, जिसका सकारात्मक प्रभाव भी देखने को मिलने लगा है।

→ परिवार नियोजन के प्रति धार्मिक एवं परंपरावादी विचार — भारतीयों में विशेषकर एक विशेष वर्ग के भारतीय महिलाओं एवं पुरुषों में परिवार नियोजन के प्रति वैज्ञानिक एवं उत्तम मनोवृत्ति नहीं होती है। जिसका आधार धार्मिक एवं परंपरावादी विचार हो सकता है। ये लोग परिवार नियोजन के साधनों को भगवान की इच्छा के विरुद्ध तथा एक तरह का पाप समझते हैं। इस तरह की मानसिकता से स्पष्टतः जनसंख्या में उत्तम वृद्धि हो जाती है।

→ घोर निरक्षरता — निरक्षरता के कारण भी जनसंख्या में परोक्ष रूप से वृद्धि होती है। निरक्षर या कम पढ़े-लिखे लोग परिवार नियोजन के महत्व को नहीं समझ पाते हैं, क्योंकि इनमें नये विचारों को ग्रहण करने तथा तार्किक चिंतन करने की क्षमता का अभाव होता है। इनमें अतार्किक, रूढ़िवादी तथा धार्मिक विचारों की प्रधानता होती है। परिणामस्वरूप, ऐसे महिलाओं में जनन दर अधिक होता है जिससे अन्ततः जनसंख्या में भी वृद्धि हो जाती है।

→ गरीबी — जनसंख्या वृद्धि का एक कारण गरीबी भी है। सामान्यतः यह देखा जा सकता है कि गरीब परिवार में बच्चों

NOTES

Scanned with CamScanner

की संख्या अधिक होती है। इसके पीछे की मानसिकता यह होती है कि जब बच्चे अधिक संख्या में होंगे तो प्रत्येक बच्चा कुछ न कुछ आमदनी करेगा और पारिवारिक आय में बढ़ोतरी हो जायेगी इससे पूरे परिवार का भरण-पोषण ठीक ढंग से हो पायेगा। ऐसी मानसिकता के कारण ही जनसंख्या में धीरे-धीरे वृद्धि हो जाती है।

→ अपर्याप्त प्रेरणा — औसत भारतीय परिवार में परिवार नियोजन के साधनों के प्रति उदासीनता तथा परिवार को सीमित रखने की अनिवार्यता की कमी पायी जाती है। इसके कई कारण हैं जिनमें साक्षरता का अभाव, अपर्याप्त ज्ञान, धार्मिक एवं रूढ़िवादी विचार आदि प्रमुख हैं। अपर्याप्त प्रेरणा के कारण वे परिवार नियोजन के साधनों का भरपूर फायदा नहीं उठा पाते हैं, जिससे जनसंख्या के नियंत्रण पर कोई खास अनुकूल प्रभाव नहीं पड़ता है।

→ विभिन्न कारण — जनसंख्या में वृद्धि के अन्य कारण भी हैं, जिनमें प्रमुख हैं—

- परिवार नियोजन के साधनों के प्रति गलत जानकारी या भ्रांतियों का होना।
- कुछ परिवारों में विशेषकर संयुक्त परिवार प्रणाली में युवा दंपत्तियों में बच्चों को पालने की जिम्मेदारी का अभाव।
- मनोरंजन के साधनों में कमी।

इसप्रकार, भारत में जनसंख्या वृद्धि के कई कारण स्पष्ट हैं।

Scanned with CamScanner